साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया
YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है संपर्क करें...
संपर्क करे- 9425156055
वर्ष-10 अंक-32 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 18 सितंबर 2026 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ-08 मूल्य 2 रूपये

## लिव- इन रिलेशन वाली लडक़ी को भरण पोषण, पढ़िए महत्वपूर्ण जजमेंट

लिव इन रिलेशन, एक ऐसी नई परंपरा जिसमें लड़का और लड़की शादी से पहले एक दूसरे के साथ पति पत्नी की तरह रहकर यह जानने की कोशिश करते हैं कि वह एक दूसरे के साथ पूरी जिंदगी बिता सकते हैं या नहीं। यदि हां तो शादी कर लेते हैं यदि नहीं तो अगला लिव इन रिलेशन। कई बार तीसरी स्थिति बनती है। लड़का शादी का वादा करके फिजिकल रिलेशन बना लेता है और फिर धोखा दे देता है। कई लड़कियों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी नहीं होती लेकिन भोपाल समाचार डॉट कॉम की नियमित पाठक महिलाओं एवं लड़कियों को पता है कि लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाली लड़कियां भारतीय न्याय संहिता,2023 की धारा 85 के अंतर्गत अपने बॉयफ्रेंड की क्रूरता के खिलाफ मामला दर्ज करवा सकती है और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता,2023 की धारा 144 के अंतर्गत भरण पोषण का दावा भी कर सकती है। इस जानकारी को और पुख्ता करने के लिए पढ़िए कुछ महत्वपूर्ण जजमेंट–


लेखक एडवोकेट बी. आर. अहिरवार (विधिक सलाहकार नर्मदापुरम) 9827737665

1. डी. बेलुसामी बनाम डी पतचाइअम्म्ल (2010)–
उक्त मामले में न्यायालय अभिनिर्धारित किया गया कि एक महिला जो विवाह जैसे रिश्ते में हैं लेकिन कानूनी रूप से विवाहित नहीं है वह भरण पोषण का दावा कर सकती है।
आगे न्यायालय ने कहा कि सभी लिव इन रिलेशनशिप विवाह के संबंधों की प्रकृति के अनुरूप नहीं होंगे,विवाह की प्रकृति सम्बधों को पूरा करने के लिए निम्न शर्तें होना चाहिए–

* वह निश्चित समय के लिए साथ रहे हो।
* उनकी शादी की उम्र पूरी हो गई हो।
* दोनो पति-पत्नी के रूप में समाज में रहे हो या सहमति द्वारा शारिरिक संबंध स्थापित भी किये हो।
* उन्होंने विधिक विवाह की शर्तों को पूरा कर लिया हो।

2. चनमुनिया बनाम विरेंद्र कुमार कुशवाह और अन्य– मामले में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक विचारण प्रश्न था कि क्या एक पुरूष ओर महिला काफी समय से एक साथ रह रहे हैं जबकि उनका विवाह नहीं हुआ है तब क्या ऐसी महिला भरण पोषण का दावा कर सकती हैं?
न्यायालय ने यह मत दिया कि पुरूष और महिला के साथ-साथ रहने की स्थिति में सन् 2005 के अधिनियम पारिवारिक हिंसा के अंतर्गत उन्हें मौद्रिक अनुतोष और प्रतिकर दिया जा सकता है और वह दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 125(अब ब्नहस्स की धारा 144 होगी) के अंतर्गत की कार्यवाही में भी भरण पोषण ले सकती है और यह उनका सांविधिक अधिकार है।
कुल मिलाकर यदि लिव इन रिलेशन में रहने वाली लड़की से उसका लिव इन पार्टनर लड़का शादी का वादा करता है, कुछ अन्य लोगों के सामने लड़की को अपनी पत्नी बताता है, फिजिकल रिलेशन बनाता है अथवा एक न्यूनतम अवधि से अधिक समय तक दोनों साथ रहते हैं और समाज के लोग उन्हें पति-पत्नी मानते हैं तब लड़की अपने बॉयफ्रेंड के खिलाफ भरण पोषण के लिए दावा कर सकती है।

## यदि पुलिस किसी को पकड़ ले और कोर्ट में पेश ना करे, तब क्या कार्रवाई कर सकते हैं - THE CONSTITUTION OF INDIA

सभी जानते हैं कि किसी भी गंभीर अपराध के आरोप में पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करती है और 24 घंटे के भीतर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करती है, लेकिन कभी-कभी ऐसा भी होता है कि पुलिस किसी को पकड़ कर ले जाती है और कोर्ट में पेश नहीं करती। ऐसी स्थिति में पीड़ित पक्ष क्या कार्रवाई कर सकता है, पढ़िए- बन्दी-प्रत्यक्षीकरण रिट–


लेखक एडवोकेट बी. आर. अहिरवार (विधिक सलाहकार नर्मदापुरम) 9827737665

बंदी प्रत्यक्षीकरण का अर्थ होता है निरूद्ध या गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करवाना। जब किसी व्यक्ति को अवैध रूप से गिरफ्तार किया जाता है तब ऐसे व्यक्ति की स्वतंत्रता इसी रिट के माध्यम से सुरक्षित की जाती है। यह रिट किसी भी पुलिस अधिकारी, जेल अधिकारी या कोई भी प्राइवेट व्यक्ति के लिए निकली जा सकती है जिसने व्यक्ति को बन्दी बनाकर रखा हुआ है। अगर कोई व्यक्ति या अधिकारी इस रिट की आज्ञा का उल्लंघन करता है तो न्यायालय की अवमानना का दण्ड दिया जाएगा।
न्यायालय इस रिट के द्वारा–
1. गिरफ्तार करने वाले व्यक्ति से गिरफ्तारी का कारण पूछेगा।
2. गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश देगा।
उपर्युक्त विषय पर ही बन्दी प्रत्यक्षीकरण पर रिट याचिका जनहित वाद में प्रस्तुत की जा सकती हैं। ये रिट याचिका कब दायर नहीं कि जा सकती है– 1. जब कोई व्यक्ति उस उच्च न्यायालय की अधिकारिता के भीतर निरूद्ध नहीं है तब। 2. कोई गिरफ्तार व्यक्ति किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो तब, अर्थात अपराध सिद्ध होने के बाद उसे बंदी बनाकर रख सकते हैं। 3.किसी अभिलेख न्यायालय अथवा संसद द्वारा अवमानना के लिए या कार्यवाही में हस्तक्षेप करने पर। ?बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट और भी विस्तृत हैं पर हमारा उद्देश्य आपको कम शब्दों में ज्यादा एवं सरल भाषा में जानकारी देना है?

## देश में 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' का मंगल आरंभ 25 सितंबर से: सीएम यादव

### 2030 के अंत तक प्रदेश के 75 प्रतिशत गांवों तक बसें पहुंचाना हमारा लक्ष्य



**भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में इसी महीने 25 सितंबर से मुख्यमंत्री सुगम परिवहन बस सेवा का मंगल आरंभ किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के नागरिकों को सुगम, सरल, सुरक्षित, आधुनिक और भरोसेमंद बस सेवा उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है और इस लक्ष्य की पूर्ति में हम 25 सितम्बर से नया कदम बढ़ाने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में 5 लाख किलोमीटर का रोड़ नेटवर्क है। यहां 15 हजार से अधिक बसें चलाने का स्कोप है। हमारे नागरिकों के अलावा प्रदेश में हर साल करोड़ों की संख्या में आने वाले पर्यटकों और श्रृद्धालुओं द्वारा भी आवागमन के लिए बस का उपयोग किया जाता है। यह हमारे लिए चुनौती के साथ ही एक बड़ा अवसर भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निजी बस आपरेटर्स, बस निर्माता कंपनियों, इंडस्ट्री पार्टनर्स और स्टेकहोल्डर्स से अपील करते हुए कहा कि बदलते समय में मप्र में बढ़ते अवसरों को पहचाने और प्रदेश की विकास यात्रा में सहभागी बनने के लिए सरकार के साथ जुड़ें। प्रदेश में यात्रियों के हित में एक ऐसा फाईनेस्ट पब्लिक ट्रांसपोर्ट माडल तैयार करें, जो पूरे देश के लिए एक उदाहरण बने। मुख्यमंत्री डॉ यादव शुक्रवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के अंतर्गत यात्री परिवहन विज़न समिट-2026 के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्री परिवहन विज़न समिट-2026 स्मारिका और मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा पुस्तिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन तक आम नागरिकों की पहुँच को अधिक सुगम बनाने और फर्स्ट और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी के लिए MPYPIL और Rapido के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर कर आदान-प्रदान किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने MPYPIL की 'लेट्स क्रिएट ए लोगो' प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। सासाराम (बिहार) के श्री सुधाकर कुमार को 5 लाख रुपये राशि के प्रथम पुरस्कार, दिल्ली के श्री चयन वोहरा को 2 लाख रुपये के द्वितीय सांत्वना पुरस्कार और भोपाल की सुश्री गौरांगी शर्मा को 1 लाख रुपये राशि के तृतीय सांत्वना पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। प्रदेश में स्मार्ट, सुरक्षित, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार मोबिलिटी इकोसिस्टम के निर्माण में प्रदेश के नागरिकों, शोधकर्ताओं, शैक्षणिक संस्थानों और नवप्रवर्तकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट का बटन दबाकर एमपी मोबिलिटी इनोवेशन चैलेंज 2026 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसके पूर्व सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र में नवाचारों और आधुनिक तकनीकों पर केंद्रित विशेष प्रदर्शनी का शुभारंभ और अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का इंदौर के जनप्रतिनिधियों और बस ट्रांसपोर्ट संचालकों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में 14 सितंबर को विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी का आगमन होने जा रहा है। स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक ने गणेश स्थापना के माध्यम से देशवासियों को एकजुट किया था। इसी माह 17 सितंबर को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस है। उनके नेतृत्व में पहले गुजरात और अब भारत ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उनकी दूरदर्शी सोच से पूरा भारत गौरवान्वित है। श्री मोदी सर्वाधिक समय तक शासन करने वाले देश के इकलौते नेता हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देशभर से नक्सलवाद की समस्या खत्म हुई है। मध्यप्रदेश लाल सलाम को आखिरी सलाम करने वाला देश का पहला राज्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के दो शहरों भोपाल और इंदौर में मेट्रो दौड़ रही है।

# भोपाल के अस्पतालों एवं ब्लड सेंटरों में लगेंगे रक्तदान शिविर नागरिकों से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**




÷सेवा संकल्प अभियान÷के अंतर्गत भोपाल जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक व्यापक स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर को जिला चिकित्सालय भोपाल सहित जिले के 31 चिन्हित अस्पतालों एवं ब्लड सेंटरों में इन-हाउस तथा विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से आउटडोर रक्तदान शिविर भी आयोजित किए जाएंगे।रक्तदान शिविरों के लिए जिला चिकित्सालय भोपाल के साथ बंसल हॉस्पिटल शाहपुरा, न्यू भोपाल ब्लड सेंटर अरेरा कॉलोनी, अर्पण ब्लड सेंटर एमपी नगर, वेद हाईटेक चैरिटेबल ब्लड सेंटर अरेरा कॉलोनी, करोंद ब्लड सेंटर एंड कम्पोनेंट सेंटर, महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, पीपुल्स हॉस्पिटल ब्लड सेंटर भानपुर, भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल, एमपी थैलेसीमिया किड केयर सोसायटी, इंदिरा गांधी महिला एवं बाल चिकित्सालय और तत्पर ब्लड एवं कम्पोनेंट सेंटर को चिन्हित किया गया है। इसी प्रकार सिटी ब्लड सेंटर ऑफ भोपाल चैरिटेबल ट्रस्ट, जवाहर नेहरू कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर, चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय, चिरायु हेल्थ एंड मेडिकल, गांधी चिकित्सा महाविद्यालय एवं हमीदिया चिकित्सालय, सेवा ब्लड सेंटर, मानस ब्लड सेंटर एंड कम्पोनेंट सेंटर, जे.के. हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च सेंटर, अपोलो सेज हॉस्पिटल ब्लड सेंटर, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, सागर मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, विजन ब्लड सेंटर, नोबल हॉस्पिटल, कस्तूरबा चिकित्सालय, लाइफ सेवर ब्लड सेंटर, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), लाइफ लाइन ब्लड एंड कम्पोनेंट सेंटर, आरकेडीएफ जाटखेड़ी तथा नवोदय ब्लड सेंटर में भी रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सहायता मिलती है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने सभी स्वस्थ एवं पात्र नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों और युवाओं से रक्तदान शिविरों में उत्साहपूर्वक सहभागिता करने की अपील की है। नागरिक स्वैच्छिक रक्तदान कर जीवन बचाने की इस जनसेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। अभियान के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ी देव में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक, भीमनगर में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं गोदभराई कार्यक्रम होगा। बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक टीकाकरण भी किया जाएगा। इन गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान करने के साथ स्वैच्छिक रक्तदान, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'विकसित भारत 2047' विषय पर परिचर्चा आयोजित






शासन के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय विधि महाविद्यालय, नर्मदापुरम में आज 'विकसित भारत 2047' विषय पर परिचर्चा का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना भारद्वाज के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष श्री शिवाकांत मौर्या ने 'विकसित भारत 2047' की संकल्पना, उसके उद्देश्यों तथा राष्ट्र के समग्र विकास में युवाओं की भूमिका पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं विषय की पृष्ठभूमि डॉ. महेंद्र कुमार पटेल द्वारा प्रस्तुत की गई। परिचर्चा के दौरान विद्यार्थियों ने विकसित भारत 2047 की अवधारणा, आर्थिक एवं सामाजिक विकास, शिक्षा, तकनीकी प्रगति, आत्मनिर्भरता, सुशासन तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका से संबंधित विभिन्न जिज्ञासाएँ एवं प्रश्न प्रस्तुत किए। वक्ताओं द्वारा विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय एवं रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय विधि महाविद्यालय, नर्मदापुरम के प्रांगण में 'आशीर्वाद का दीया' का सामूहिक प्रज्ज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई।

## फाइलों की जगह डिजिटल ट्रैकिंग,हर स्तर पर जवाबदेही शक्ति सदन व मिशन वात्सल्य अनुदान ई-पोर्टल का शुभारंभ

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**



महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने मंत्रालय में मिशन शक्ति के शक्ति सदन और मिशन वात्सल्य की अशासकीय बाल देखरेख संस्थाओं के लिए अनुदान ई-पोर्टल का शुभारंभ किया। सरकार ने प्रदेश में इन संस्थाओं को अनुदान देने की अब तक चली आ रही मैनुअल प्रक्रिया को डिजिटल व्यवस्था में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आवेदन, दस्तावेज अपलोड, प्रस्ताव परीक्षण, स्वीकृति, भुगतान और प्रगति की निगरानी सहित पूरी प्रक्रिया एक ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर होगी। ऑनलाइन पोर्टल से अनुदान प्रस्तावों की प्रक्रिया को ट्रैक किया जा सकेगा। संस्थाओं को बार-बार दस्तावेज और प्रस्ताव लेकर विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता कम होगी। प्रस्तावों के परीक्षण और स्वीकृति की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित होगी तथा भुगतान में लगने वाले समय को न्यूनतम करने में मदद मिलेगी। रियल टाइम मॉनिटरिंग से यह भी पता रहेगा कि किस संस्था का प्रस्ताव किस स्तर पर है। पोर्टल के लागू होने से अनुदान प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी तथा कागजी कार्यवाही कम होगी। डिजिटल रिकॉर्ड के कारण दस्तावेजों के संधारण और प्रस्तावों की निगरानी अधिक व्यवस्थित तरीके से की जा सकेगी। उपलब्ध डेटा के आधार पर विभाग को योजनाओं की प्रगति का आंकलन करने और आवश्यक निर्णय लेने में भी सुविधा होगी। मिशन शक्ति में प्रदेश के 13 जिलों में 14 शक्ति सदन संचालित हैं। भोपाल, उज्जैन, नर्मदापुरम, जबलपुर, बालाघाट, खंडवा, ग्वालियर, बैतूल, मंडला, मुरैना, राजगढ़, पांढुर्णा और छतरपुर में संचालित इन शक्ति सदनों में कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन करने वाली, निराश्रित, जेल से रिहा महिला कैदी, प्राकृतिक आपदा से प्रभावित तथा हिंसा से पीड़ित महिलाओं को आश्रय और पुनर्वास की सुविधाएं दी जाती हैं। शक्ति सदनों में महिलाओं को आश्रय, पोषण, वस्त्र, स्वास्थ्य सुविधा, कानूनी सलाह एवं सहायता सहित आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। विगत वर्ष 2,386 महिलाओं को इन सेवाओं का लाभ मिला। मिशन वात्सल्य में किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में 130 बाल देखरेख संस्थाएं संचालित हैं। इनमें 62 बाल गृह, 12 खुला आश्रय गृह, 35 विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, 18 सम्प्रेक्षण गृह और 3 विशेष गृह शामिल हैं। इन संस्थाओं में वर्तमान में 2,377 बच्चे निवासरत हैं। इन संस्थाओं के माध्यम से देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले तथा विधि का उल्लंघन करने वाले बच्चों को संरक्षण उपलब्ध कराने के साथ उनके पारिवारिक पुनर्वास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। मिशन वात्सल्य के तहत वर्तमान में 79 अशासकीय बाल देखरेख संस्थाओं को अनुदान दिया जा रहा है, जिनमें 44 बाल गृह, 9 खुला आश्रय गृह और 26 विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण शामिल हैं।पोर्टल के संचालन और रिपोर्टिंग के लिए 16 सितम्बर 2026 को होटल मैनेजमेंट एवं इंस्टीट्यूट, भोपाल में तकनीकी प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इसमें शक्ति सदन और बाल देखरेख संस्थाओं से प्रबंधक एवं लेखापाल सहित दो-दो प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रशिक्षण में पोर्टल के संचालन, ऑनलाइन आवेदन, दस्तावेज अपलोड और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया समझाई जाएगी।

# नशा विरोधी अभियान अंतर्गत संदिग्ध मेडिकल स्टोर्स का डेटाबेस तैयार कर नियमित जांच के निर्देश

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की आयोजित बैठक में भोपाल जिले में नशीले पदार्थों की रोकथाम तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर महेंद्र सिंह कवचे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक आयोजित की गई। अपर कलेक्टर ने जिले में मादक पदार्थों की तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए विभागवार कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने सभी शासकीय महाविद्यालयों में गठित एंटी ड्रग कमेटियों की नियमित बैठकें आयोजित करने और विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के सहयोग से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने को कहा। ड्रग इंस्पेक्टर को संदिग्ध एवं नियमों का उल्लंघन करने वाले मेडिकल स्टोर्स का डेटाबेस तैयार कर नियमित जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के नशा मुक्ति केंद्रों के लिए ऑनलाइन ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर विकसित करने को भी कहा, जिससे केंद्रों में उपचार एवं पुनर्वास संबंधी गतिविधियों की प्रभावी निगरानी की जा सके।बैठक में नारकोटिक ड्रग्स एवं साइकोट्रॉपिक पदार्थों की अवैध तस्करी की रोकथाम, विभागों




के बीच नियमित सूचना के आदान-प्रदान, अंतरजिला एवं अंतरराज्यीय मामलों में संयुक्त जांच तथा संदिग्ध विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई पर विस्तृत चर्चा की गई। एनसीबी द्वारा पुलिस, आबकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। जिले के सभी शासकीय एवं निजी नशा मुक्ति केंद्रों की सूची अद्यतन रखने तथा उनका नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्कूलों एवं महाविद्यालयों में नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के संबंध में व्यापक जागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों एवं कार्रवाई की प्रक्रिया के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने को भी कहा।उन्होंने छात्रावासों के आसपास स्थित बंद कारखानों की जांच करने तथा रासायनिक पदार्थों का निर्माण करने वाली कंपनियों में नियमित निरीक्षण एवं निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एनसीबी भोपाल के अधिकारियों ने भी आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर सीतामढ़ी राम मंदिर में प्रज्ज्वलित हुआ 'आशीर्वाद का दीया



**कैलाश कुमार अहिरवार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

अमझोर/?सीतामढ़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में %सेवा संकल्प अभियान के तहत रामपथ गमन स्थित प्रसिद्ध श्री राम मंदिर में आशीर्वाद का दीया प्रज्वलन समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना की।

?समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 'आशीर्वाद का दीया' केवल एक योति नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा, समर्पण और जनकल्याण की रोशनी पहुँचाने का संकल्प है। इस अवसर पर पार्टी की ओर से जनसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया।

?प्रमुख लोगों की रही गरिमामयी उपस्थिति इस पावन अवसर पर मुख्य रूप से -

?संगठन पदाधिकारी: भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष नंदलाल नापित, उग्रसेन सिंह, बूथ अध्यक्ष दिनेश सिंह व मनीष बर्मन।

?प्रशासनिक प्रतिनिधि - जनपद पंचायत इंजीनियर आशुतोष चतुर्वेदी एवं ग्राम पंचायत सचिव सुरेंद्र पांडे।

?गणमान्य नागरिक - उदय सिंह, रामदास, शिव सिंह, श्रीमती दुर्गावती, श्रीमती रागनी शुक्ला, श्रीमती काजल कावर, श्रीमती संगीता कावर एवं श्रीमती गुड़िया कावर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# होटल रंजीत लेक व्यू,बापू की कुटिया एवं सागर गैरे रेस्टोरेंट का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा निरीक्षण

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, भोपाल द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता एवं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सघन निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की गई। जांच दल द्वारा होटल रंजीत लेक व्यू, बाबू की कुटिया (बी.के. फूड्स हॉस्पिटैलिटी) तथा माता मंदिर के पास स्थित सागर गैरे रेस्टोरेंट, जिसका संचालक अनुराग जैन है का निरीक्षण किया गया। होटल रंजीत लेक व्यू होटल रंजीत लेक व्यू के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई के उचित प्रबंध पाए गए। कार्यरत वर्करों द्वारा टोपी एवं एप्रन पहने हुए पाए गए। कच्चे खाद्य पदार्थों का उचित भंडारण पाया गया। निरीक्षण में कई कमियां पाई गई डस्टबिन खुली अवस्था में पाई गई। ड्रेनेज सिस्टम उचित नहीं पाया गया। उचित रखरखाव की आवश्यकता पाई गई। फ्राइंग कढ़ाई काली पाई गई। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के संबंध में प्रतिष्ठान संचालक को आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए गए तथा सुधार सूचना पत्र जारी किया गया। बाबू की कुटिया – बी.के. फूड्स हॉस्पिटैलिटी बाबू की कुटिया, बी.के. फूड्स हॉस्पिटैलिटी का निरीक्षण खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों के अंतर्गत किया गया। निरीक्षण में पाई गई कमियां FSSAI लाइसेंस प्रदर्शन7 लाइसेंस का




प्रमुख स्थान पर प्रदर्शन नहीं पाया गया। वर्करों का मेडिकल चेकअप व फिटनेस संबंधी अभिलेख उपलब्ध नहीं पाए गए।स्न्हस्झ्रष्ट प्रशिक्षण प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं पाया गया। शिकायत पंजी,कंप्लेंट रजिस्टर शिकायत पंजी उपलब्ध नहीं पाई गई। पेयजल रिपोर्ट उपलब्ध नहीं पाई गई। F.I./F.O. संबंधी पालन पाया गया।खाद्य अपशिष्ट वेस्ट फूड प्रबंधन की व्यवस्था नहीं पाई गई। ह्क्क्र मान्यता प्राप्त खाद्य प्रयोगशाला की रिपोर्ट उपलब्ध नहीं पाई गई।पानी की टंकी की सफाई संबंधी रिकॉर्ड प्रमाण उपलब्ध नहीं पाया गया। कार्रवाई अंतर्गत खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा की जांच हेतु घी,लाल कलर की ग्रेवी के नमूने लेकर नियमानुसार खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजे जाने की कार्रवाई की गई । सागर गैरे रेस्टोरेंट माता मंदिर, भोपाल के पास रेस्टोरेंट के निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता संबंधी विभिन्न अनियमितताएं पाई गई।

जैसे किचन सड़क की ओर से खुली हुई पाई गई। कार्यरत वर्करों का मेडिकल चेकअप,मेडिकल फिटनेस रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं पाया गया। डस्टबिन खुली अवस्था में पाई गई।भंडारण कक्ष में लीकेज पाया गया तथा खाद्य पदार्थों के दूषित होने की संभावना पाई गई। कोल्ड स्टोरेज में खाद्य पदार्थों का उचित एवं व्यवस्थित भंडारण नहीं पाया गया।खाद्य पदार्थ खुले में रखे हुए पाए गए। पेस्ट कंट्रोल का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया। वॉटर पोटैबिलिटी रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई। मिसब्रांडेड पैकिंग वाले खाद्य पदार्थों का भंडारण पाया गया। निरीक्षण के दौरान काली मिर्च में मिलावट की आशंका पाए जाने पर मौके पर डेमोंस्ट्रेशन किया गया। डेमोंस्ट्रेशन के दौरान काली मिर्च में पपीते के बीज पाए गए।खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता एवं मिलावट की जांच हेतु काली मिर्च व फेरी,फरारी सफेद पाउडर पैक, जो मिसब्रांडेड पाया गया, का नमूना लिया गया। काली मिर्च में पपीते के बीज की मिलावट की पुष्टि प्रयोगशाला परीक्षण के उपरांत ही की जाएगी। होटल रंजीत लेक व्यू में पाई गई कमियों के संबंध में सुधार हेतु निर्देश दिए गए तथा सुधार सूचना पत्र जारी किया गया।प्रयोगशाला रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं अंतर्गत नियमों,विनियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस पर ग्राम पंचायत मलमाथर में भव्य आयोजन

**हनुमान मंदिर प्रांगण में प्रज्वलित किए गए 101 दीप**

**कैलाश कुमार अहिरवार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

शहडोल - ?दिनांक 17 सितंबर 2026 को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 76वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर संपूर्ण ग्राम पंचायत मलमाथर में भारी उत्साह और भक्तिमय माहौल देखा गया। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए ग्राम पंचायत प्रशासन और स्थानीय ग्रामीणों के संयुक्त तत्वावधान में मलमाथर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर प्रांगण में एक विशेष दीपदान व पूजा-अर्चना कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



दीपमालाओं से जगमगाया मंदिर परिसर

संध्याकाल में आयोजित इस कार्यक्रम में मंदिर प्रांगण को 101 से अधिक दीपों से सजाया गया। हनुमान जी महाराज के चरणों में दीप प्रज्वलित कर ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री जी के दीर्घायु होने, उनके उत्तम स्वास्थ्य और देश की प्रगति के लिए विशेष प्रार्थना की। दीपों की रोशनी से पूरा मंदिर परिसर आलोकित हो उठा।

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति

इस भक्तिमय और गरिमामयी आयोजन का नेतृत्व ग्राम पंचायत मलमाथर की मुख्य हस्तियों ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे÷

सरपंच÷ बाबूलाल बैगा (जिन्होंने दीप प्रज्वलन की शुरुआत कर ग्रामवासियों का मार्गदर्शन किया)

सचिव÷ विनोद सिंह (जिन्होंने आयोजन की व्यवस्थाओं का संचालन किया)

उपसरपंच÷ महेंद्र सिंह

अन्य गणमान्य नागरिक÷ गांव के बुजुर्ग, युवा, महिलाएं और बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु

सरपंच और सचिव ने व्यक्त किए विचार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच बाबूलाल बैगा ने कहा, ÷आज का दिन पूरे देश के साथ-साथ हमारे गांव के लिए भी अत्यंत गौरवशाली है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और हर वर्ग के विकास के लिए कार्य किया है। आज हनुमान जी के चरणों में दीप जलाकर हम सभी ग्रामीण उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं।÷

सचिव विनोद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री जी की %सेवा ही संगठन% और %सेवा पखवाड़ा% की भावना से प्रेरित होकर यह आयोजन किया गया है। उन्होंने गांव में स्वच्छता और भाईचारे का संदेश भी दिया।

महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम

दीप प्रज्वलन के पश्चात सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ और महाआरती की गई। मंदिर परिसर %जय श्री राम% और %हनुमान जी की जय% के उद्घोषों से गूंज उठा। आरती के बाद ग्राम पंचायत की ओर से उपस्थित सभी ग्रामीणों और श्रद्धालुओं को बूंदी व फल का प्रसाद वितरित किया गया। ग्रामवासियों ने इस तरह के धार्मिक व सामाजिक आयोजनों की सराहना की।

# राजभाषा पखवाड़ा पर पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

खिमलासा, 15 सितंबरशासकीय महाविद्यालय खिमलासा के पुस्तकालय विभाग द्वारा हिंदी दिवस एवं राजभाषा पखवाड़ा (14-28 सितंबर) के अवसर पर पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं पुस्तकालयाध्यक्ष श्री सत्येन्द्र कुमार आठिया ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन-पाठन के प्रति रुचि जागृत करना, भारतीय ज्ञान परंपरा के गहन विस्तृत ज्ञान से उनको परिचित कराना तथा हिंदी भाषा के गौरव से भावी पीढ़ी को जोड़ना है।

स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रभारी डॉ. एल.एन. दुबे ने पुस्तक प्रदर्शनी को विद्यार्थियों में पुस्तकों के पढ़ने की प्रवृत्ति विकसित करने की दिशा में एक अच्छी पहल बताया उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों की उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकों से परिचित होने का अवसर प्रदान करते हैं।पुस्तकों का अध्ययन विद्यार्थियों के ज्ञान, चिंतन, व्यक्तित्व विकास एवं करियर निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।







डॉ शुभी जैन ने कहा कि पुस्तकों का नियमित अध्ययन विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनकी सोचने-समझने की क्षमता,एवं रचनात्मकता को भी बढ़ाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने दैनिक जीवन में अध्ययन के लिए समय निर्धारित कर अच्छी एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकों को पढ़ने का आग्रह किया।

महाविद्यालय की इस प्रदर्शनी में हिंदी राजभाषा, भारतीय ज्ञान परंपरा, महापुरुषों की जीवनियों एवं विभिन्न ज्ञानवर्धक तथा प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर डॉ.जागृति त्रिपाठी,डॉ रूपाली जैन,डॉ. वंदना मीणा, डॉ. शाहबाज सुन्नी,तरुण दीक्षित,डॉ.रफी अहमद,डॉ.शुभम विश्वकर्मा,डॉ दिनेंद्र विक्रम,पुष्पेंद्र अहिरवार, दामोदर पटेल सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओ ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# उदयपुरा से मध्यप्रदेश तक बड़े संगठन के निर्माण की तैयारी

## समाजसेवा, संस्कृति और जनहित को केंद्र में रखकर संगठनात्मक विस्तार की योजना

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

उदयपुरा। समाज को संगठित करने, सेवा कार्यों को व्यवस्थित रूप देने और भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण के उद्देश्य से उदयपुरा से एक नए संगठन के निर्माण की तैयारी की जा रही है। अधिवक्ता श्री मिथलेश मेहरा ने बताया कि जल्द ही संगठन के गठन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे।

मेहरा के अनुसार, संगठन का उद्देश्य किसी एक शहर या क्षेत्र तक सीमित न रहकर उदयपुरा से शुरुआत करते हुए पूरे मध्यप्रदेश में संगठनात्मक विस्तार करना होगा। इसके लिए ग्राम पंचायत से लेकर जनपद पंचायत, तहसील, जिला, संभाग और प्रांतीय स्तर तक जिम्मेदार कार्यकर्ताओं की व्यवस्थित टीम तैयार करने की योजना है।

संगठन में पदाधिकारियों की भूमिका केवल पद तक सीमित न होकर समाजसेवा, जनहित, सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की होगी। धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के साथ जरूरतमंदों की सहायता, युवाओं की सहभागिता, भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण तथा समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए निरंतर कार्य करने की बात कही गई है।



मेहरा ने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी ताकत किसी एक व्यक्ति के बजाय कार्यकर्ता और मजबूत संगठनात्मक व्यवस्था होगी। उदयपुरा से इसकी शुरुआत प्रस्तावित है, जबकि लक्ष्य मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों, तहसीलों और क्षेत्रों तक सेवाभावी एवं अनुशासित संगठनात्मक ढांचे को पहुंचाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह संगठन किसी व्यक्ति या संस्था के विरोध में खड़ा होने के उद्देश्य से नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने, सेवा कार्यों को मजबूत करने और संस्कृति एवं सामाजिक मूल्यों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से काम करेगा। मेहरा के मुताबिक, संगठन के नाम, पंजीयन, संविधान, सदस्यता अभियान और संगठनात्मक ढांचे से संबंधित विस्तृत जानकारी आगामी दिनों में सार्वजनिक की जाएगी।

# शिक्षक संस्कार कुशवाहा और रामबहोर अहिरवार ने नवोदय ज्ञानोदय में चयन दिलाकर लिखी सफलता की इबारत

## ग्रामीण प्रतिभाओं को तराश रहे समर्पित शिक्षकों के प्रयास को वरदान फाउंडेशन ने दिया प्रोत्साहन, प्रदेश अध्यक्ष कैलाश कुमार अहिरवार ने दी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

**संवाददाता - राजू राय/ कुदरी/जयसिंहनगर -**


संस्कार कुशवाहा (शिक्षक)


रामबहोर अहिरवार (शिक्षक)


कैलाश कुमार अहिरवार (वरदान फाऊंडेशन प्रदेश अध्यक्ष)


भूषण यादव (शहडोल जिला उपाध्यक्ष)

शहडोल जिले की तहसील जयसिंहनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुदरी में शिक्षा की अलख जगाकर ग्रामीण परिवेश के बच्चों का भविष्य संवारने का अनुकरणीय कार्य किया जा रहा है। सीमित संसाधनों और शुरुआती संघर्षों के बावजूद स्थानीय शिक्षकों–संस्कार कुशवाहा और रामबहोर अहिरवार–के कुशल मार्गदर्शन में गांव के बच्चे नवोदय और ज्ञानोदय जैसी प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। शिक्षकों के इस सराहनीय व प्रेरक प्रयास को सामाजिक संस्था वरदान फाउंडेशन के मध्य प्रदेश अध्यक्ष कैलाश कुमार अहिरवार तथा जिला उपाध्यक्ष भूषण यादव द्वारा विशेष रूप से सराहा और प्रोत्साहित किया गया है।

कठिन शुरुआत से गढ़े सफलता के नए आयाम

ग्राम कुदरी में संचालित इन शैक्षणिक संस्थानों ने अपनी मेहनत और लगन से विद्यार्थियों व अभिभावकों के बीच एक मजबूत विश्वास कायम किया है

(संस्कार कोचिंग सेंटर) संचालक - संस्कार कुशवाहा

वर्ष 2019-20 से शुरू हुए इस संस्थान ने निरंतर प्रगति करते हुए 100 से अधिक छात्रों का भरोसा जीता है। शिक्षक संस्कार कुशवाहा के विशेष मार्गदर्शन से अब तक 8 होनहार विद्यार्थियों का चयन नवोदय एवं ज्ञानोदय विद्यालय में हो चुका है। यहाँ रुयत से 10वीं तक की बुनियादी शिक्षा और गणित की विशेष कक्षाओं से बच्चों की नींव मजबूत की जा रही है।

(रामबहोर कोचिंग सेंटर) संचालक - रामबहोर अहिरवार वर्ष 2023-24 की शुरुआती चुनौतियों को पार करते हुए यह संस्थान वर्तमान में 45 से अधिक विद्यार्थियों को तराश रहा है। शिक्षक रामबहोर अहिरवार के समर्पित अध्यापन के बल पर यहाँ के 5 छात्र नवोदय व ज्ञानोदय विद्यालय में प्रवेश पाने में सफल रहे हैं। गणित के डर को दूर करने और कमजोर छात्रों पर व्यक्तिगत ध्यान देने से बच्चों के परिणाम लगातार बेहतर हो रहे हैं।



वरदान फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बढ़ाया शिक्षकों का हौसला

ग्रामीण अंचल में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और सामान्य पृष्ठभूमि के बच्चों को प्रतियोगी स्तर तक पहुँचाने के इस भगीरथ प्रयास की वरदान फाउंडेशन ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

वरदान फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश कुमार अहिरवार ने दोनों शिक्षकों–संस्कार कुशवाहा और रामबहोर अहिरवार–के योगदान को प्रेरक बताते हुए कहा -

÷ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर बच्चों की शैक्षणिक नींव मजबूत करना ही समाज और राष्ट्र के समग्र विकास की असली कुंजी है। विपरीत परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बीच दोनों शिक्षकों ने जिस लगन से बच्चों को नवोदय और ज्ञानोदय जैसी परीक्षाओं के लिए तैयार किया है, वह पूरे अंचल के लिए गौरव की बात है।÷



वहीं, वरदान फाउंडेशन के जिला उपाध्यक्ष भूषण यादव ने शिक्षकों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा÷

÷गांव के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर की आवश्यकता होती है। संस्कार कुशवाहा और रामबहोर अहिरवार ने निस्वार्थ भाव से बच्चों को तराशकर यह साबित कर दिखाया है। ऐसे समर्पित शिक्षक समाज के सच्चे मार्गदर्शक हैं।÷

फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश कुमार अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष भूषण यादव एवं अन्य पदाधिकारियों ने दोनों शिक्षकों को हरसंभव सहयोग, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देने का भरोसा दिलाते हुए क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित किया तथा सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# म्यूल अकाउंट से 25 लाख के लेन देन का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**नरसिंहपुर।**

म्यूल अकाउंट के माध्यम से अनधिकृत वित्तीय लेन-देन करने के मामले में नरसिंहपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में आरोपियों द्वारा कर्नाटक, गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और दिल्ली में सक्रिय रहकर करीब 25 लाख रुपए का लेन-देन किए जाने का खुलासा हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन, तीन पासबुक और चार एटीएम कार्ड जब्त किए हैं।




पुलिस के अनुसार करेली थाना क्षेत्र के ग्राम नारगी निवासी कुलदीप कौरव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके नाम से जारी सिम, एटीएम कार्ड एवं बैंक खाते का दो व्यक्तियों द्वारा अनधिकृत रूप से इस्तेमाल कर धनराशि का लेन-देन किया गया है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई।

### तकनीकी जांच से आरोपियों तक पहुंची पुलिस

विशेष टीम ने तकनीकी विश्लेषण और बैंकिंग लेन-देन की जांच के आधार पर आरोपियों की पहचान की। कार्रवाई करते हुए विशाल कौरव निवासी ग्राम नारगी को करेली से तथा आलोक गुप्ता निवासी करेली को इंदौर से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ एवं बैंकिंग रिकॉर्ड की जांच में दोनों आरोपियों द्वारा विभिन्न राज्यों में सक्रिय रहकर करीब 25 लाख रुपए का लेन-देन किए जाने की जानकारी सामने आई है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों और म्यूल अकाउंट के माध्यम से हुए लेन-देन की भी जांच कर रही है।

### साइबर अपराध से बचने पुलिस की अपील

नरसिंहपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि आर्थिक लालच में अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड, पासबुक अथवा सिम किसी अन्य व्यक्ति को उपलब्ध न कराएं। पुलिस ने कहा कि संदिग्ध लेन-देन या साइबर ठगी की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।


# ग्राम रैदासपुरा में 16 परिवारों का अवैध सामाजिक बहिष्कार रात्रि 2 बजे उपस्थित नही होने पर अहिरवार समाज के ठेकेदारो ने किया बहिष्कार और समाज में व्याप्त कुरीतियों व दोहरे मानदंडों पर गंभीर प्रहार

**कैलाश कुमार अहिरवार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

बिजावर / छतरपुर, 18 सितंबर 2026 ग्राम रैदासपुरा, थाना बिजावर, जिला छतरपुर (म.प्र.) से एक बेहद संवेदनशील व विचारणीय मामला सामने आया है। एक तरफ जहाँ ग्राम में अवैध व कथित सामाजिक पंचायतों के जरिए 16 निर्दोष परिवारों के सामाजिक बहिष्कार और उत्पीड़न का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर बुद्धिजीवियों एवं इंजी. राहुल अहिरवार ने समाज में व्याप्त पाखंड, कुरीतियों और दोहरे मानदंडों पर तीखा प्रहार किया है।

अवैध पंचायत और 16 परिवारों का उत्पीड़न

शिकायत के अनुसार, ग्राम में कुछ दबंगों द्वारा मनमाने व तानाशाही फरमान जारी कर 16 परिवारों (चुटुवा, करिया, चंदुवा, रामसहाय, शंकर, रमेश, रामचरन, दौलत, धनी, पुस्पेंद्र, तेजराम, धर्मदास,भजन, प्रधान, देशराज एवं सोनू) का सामाजिक बहिष्कार किया गया है। उन्हें सार्वजनिक जल स्रोतों और सामाजिक आयोजनों से वंचित करने के कुप्रयास किए जा रहे हैं, जिसके खिलाफ थाना बिजावर में विधिवत शिकायत दर्ज कराई गई है। बहिष्कार करने वाले प्रमुख लोग ग्राम रैदासपुरा के पूर्व सरपंच जागेश्वर पिता पुन्ना अहिरवार, ग्राम



मुखिया जागेश्वर, रतन, गनेशा आदि एवं अन्य गाँव के आसामाजिक तत्व तेजराम शिक्षक (एरोरा),बंदई (एरोरा),पार्षद बिजावर वार्ड न. 02 बलचंद अहिरवार,रमसैया(बिजावर ), बोरा,कल्लू (एरोरा), पठारी दो लोग (अज्ञात), बक्सोई दो लोग (अज्ञात)

अवैध पंचायत और रात्रि 2 बजे का तुगलकी फरमान

?शिकायत के अनुसार, मूलतः ग्राम के छोटू अहिरवार (पिता किशोरा अहिरवार) ट्रक चालक हैं, जिनके ट्रक के नीचे अचानक गाय आ जाने से उसकी मौके



पर ही दुर्घटना वश मृत्यु हो गई थी। इस संबंध में पूर्व में भी पंचायत हो चुकी थी, किंतु दिनांक 16/09/2026 एवं 17/09/2026 की दरमियानी रात्रि ठीक 2:00 बजे पुनः अवैध रूप से पंचायत बुलाई गई। इन परिवारों पर मानसिक व सामाजिक अत्याचार और दबाव बनाने के उद्देश्य से यह आधी रात का नाटक रचा गया, जिसमें उपस्थित न हो पाने पर 16 परिवारों का सामाजिक बहिष्कार कर दिया गया!

समाज के दोहरे मानदंड- दुर्घटना बनाम क्रूरता

इंजी. राहुल अहिरवार एवं बुद्धिजीवियों का स्पष्ट मत है- यदि अनजाने में या किसी दुर्घटना वश किसी व्यक्ति से गाय की मृत्यु हो जाती है, तो उसे समाज के गंभीर कुठाघात, आर्थिक व मानसिक शोषण का शिकार होना पड़ता है। इसके विपरीत, जब गाय-बैल किसानों के खेतों में घुसते हैं, तो यही ग्रामीण उनके पैरों व गले में लकड़ी के डंडे और फंदे बांध देते हैं, जिससे बेचारी बेकसूर मूक गायें तड़प-तड़प कर दम तोड़ देती हैं—परंतु तब इन तथाकथित संरक्षकों को कोई अपराध बोध नहीं होता और न ही ग्रामीणों पर कोई सामाजिक दंड लगता है!

गोवंश की दुर्दशा और गौशालाओं की जमीनी हकीकत

आज लगभग हर जगह गौशालाएं बनी हुई हैं और शासन से पर्याप्त बजट भी आवंटित होता है, लेकिन विडंबना देखिए कि आज भी अधिकांश गोवंश गौशालाओं के अंदर सुरक्षित होने के बजाय गांवों की गलियों और मुख्य सड़कों पर भूखे-प्यासे भटकने को मजबूर हैं। यही समाज और ग्रामीण उन बेसहारा गाय-बैलों को गौशालाओं तक पहुँचाना या उनकी संभाल करना अपनी नैतिक जिम्मेदारी नहीं समझता, लेकिन किसी दुर्घटना पर व्यक्ति को मानसिक व आर्थिक रूप से पूरी तरह तोड़ दिया जाता है।

सामाजिक कुरीतियां और जबरन थोपे गए थोथे पाखंड

दुर्घटना वश गो-मृत्यु होने पर समाज द्वारा पीड़ित परिवार पर थोपी जाने वाली अमानवीय कुप्रथाओं का कच्चा चिट्ठा खोलते हुए बुद्धिजीवियों ने बताया कि-

* व्यक्ति को अनिवार्य रूप से गंगा स्नान के लिए जाना पड़ता है।
* ग्रामीण मुखियाओं और उनके संबंधियों को शराब पिलानी पड़ती है।
* स्वयं एवं पूरे परिवार का मुंडन (बाल कटवाना) कराना पड़ता है।
* तुलसी विवाह कराने के साथ-साथ समाज के भारी दबाव में कुछ ही दिनों के भीतर अपने पुत्र या पुत्री का विवाह भी तुरंत कराना पड़ता है।
* समस्त ग्रामीणों को सामूहिक भोज (खाना) खिलाना पड़ता है और भारी भरकम जुर्माना चुकाना पड़ता है।

इस प्रकार के सामंती और पाखंडी दबावों से एक साधारण परिवार मानसिक और आर्थिक रूप से पूरी तरह तबाह हो जाता है।

प्रशासन से सख्त कार्रवाई की पुरजोर मांग

इंजी. राहुल अहिरवार एवं पीड़ित ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि ग्राम रैदासपुरा में अवैध पंचायत चलाकर अमानवीय बहिष्कार करने वाले दबंगों के विरुद्ध तत्काल कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पनप रही इन रूढ़िवादी, अवैध व शोषणकारी प्रथाओं पर रोक लगाने के लिए समाज में जन-जागृति और प्रशासनिक मुस्तैदी लाई जाए!

## प्रदेश में 1.50 करोड़ से अधिक 'आशीर्वाद के दीये' प्रज्ज्वलित मुख्यमंत्री साय महादेव घाट में विराट दीपोत्सव एवं महाआरती 'आशीर्वाद का दीया' में हुए शामिल*

By Amit Mishra
On: September 17, 2026 3:09 PM




# विद्यार्थियों से सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

खिमलासा, 17 सितंबर। शासकीय महाविद्यालय खिमलासा में सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री सत्येन्द्र कुमार आठिया द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान विद्यार्थियों में सेवा, सहयोग एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रभारी डॉ. एल.एन. दुबे ने अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसके उद्देश्यों एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और उनमें सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. शाहबाज सुन्नी ने अभियान के शुभारंभ पर सभी अच्छा छात्र -छात्राओं के लिए बधाई संदेश प्रेषित करते हुए अपना व्याख्यान दिया द्य डॉ. शुभम एवं डॉ. अनिल विश्वकर्मा ने कार्यक्रम के संबंध में






आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। कार्यक्रम की संध्या पर आशीर्वाद का दीया गतिविधि के अंतर्गत महाविद्यालय के विभिन्न आईकॉनिक स्थानों पर दीप प्रज्वलित किया गया एवं डॉ. रफी अहमद इस गतिविधि के अंतर्गत अपने सभी के समक्ष विचार प्रकट किये द्य कार्यक्रम का संचालन डॉ. वंदना मीणा ने किया तथा अंत में श्री तरुण दीक्षित द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. प्रतिभा राज, चंद्रभान साकेत, डॉ. रूपाली जैन, डॉ दिनेंद्र, डॉ. प्रदीप अतुलकर,पुष्पेंद्र अहिरवार, दामोदर पटेल, रवि शंकर कुशवाहा सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**उमरिया में करणी सेना परिवार का शक्ति प्रदर्शन**

# एट्रोसिटी एक्ट में संशोधन, त्रष्ट विधेयक पर पुनर्विचार और स्थानीय रोजगार की मांग को लेकर सड़कों पर उतरा जनसैलाब





उमरिया। करणी सेना परिवार के बैनर तले मंगलवार को जिला मुख्यालय उमरिया में विशाल रैली एवं आंदोलन का आयोजन किया गया। करणी सेना के आह्वान पर जिलेभर से बड़ी संख्या में करणी सैनिकों, पदाधिकारियों, सदस्यों के साथ सर्व समाज के लोग एवं स्थानीय युवा आंदोलन में शामिल हुए। हजारों की संख्या में उमड़े जनसमूह से रैली मार्ग भगवा ध्वजों और नारों से गूंज उठा। भारी भीड़ के बीच निकली विशाल रैली ने शहर में संगठन की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

रैली श्री महाराणा प्रताप चौक से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची, जहां करणी सेना परिवार के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री महोदय के नाम जिला कलेक्टर को 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एट्रोसिटी एक्ट में संशोधन, स्थानीय युवाओं को रोजगार, त्रष्ट विधेयक पर पुनर्विचार तथा उच्च शिक्षा में सुधार सहित महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए।

ज्ञापन में मांग की गई कि एट्रोसिटी एक्ट के संभावित दुरुपयोग को रोकने के लिए निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा निर्दोष नागरिकों के अधिकारों की रक्षा की जाए। साथ ही जिले में आने वाले नए उद्योगों एवं बड़ी औद्योगिक परियोजनाओं में स्थानीय युवाओं को नियमानुसार प्राथमिकता देकर रोजगार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए। त्रष्ट से संबंधित प्रस्तावित कानून/विधेयक के विवादित प्रावधानों पर तत्काल पुनर्विचार किए जाने तथा उच्च शिक्षा में विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता, पारदर्शिता एवं योग्यता को बनाए रखते हुए सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की मांग भी रखी गई।

इस दौरान करणी सेना परिवार जिलाध्यक्ष राम सिंह बघेल ने कहा कि यह आंदोलन किसी एक व्यक्ति या समाज का नहीं, बल्कि युवाओं, शिक्षा और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि करणी सेना के आह्वान पर सर्व समाज के लोगों ने जिस एकजुटता के साथ सहभागिता की है, वह संगठन के प्रति विश्वास और सामाजिक एकता को दर्शाता है। सरकार को जनभावनाओं को गंभीरता से लेते हुए इन मांगों पर संवैधानिक एवं कानूनी प्रक्रिया के तहत शीघ्र उचित निर्णय लेना चाहिए।

जिला प्रभारी जागेंद्र प्रताप सिंह मनोज ने कहा कि जिले के युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे स्थानों पर भटकना न पड़े, इसके लिए जिले में स्थापित होने वाले उद्योगों में स्थानीय युवाओं को नियमानुसार रोजगार का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज का जनसैलाब जनता की जागरूकता और अपने अधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। जिला संयोजक शानवेंद्र सिंह बघेल ने कहा कि त्रष्ट विधेयक एवं अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर समाज में व्यापक चिंता है। उन्होंने कहा कि सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करते हुए विवादित प्रावधानों पर पुनर्विचार करना चाहिए और शिक्षा व्यवस्था में सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए।

वहीं उमेश सिंह राजपूत ने कहा कि रैली में करणी सेना के साथ सर्व समाज के लोगों और युवाओं की बड़ी भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि लोग अपने अधिकारों और आने वाली पीढ़ी के भविष्य को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि संगठन हमेशा संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज उठाता रहेगा और सरकार को जनहित से जुड़े इन मुद्दों पर सकारात्मक पहल करनी चाहिए।

संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार इन गंभीर मांगों पर संवैधानिक एवं कानूनी प्रक्रिया के तहत त्वरित और उचित निर्णय नहीं लेती है, तो आने वाले समय में करणी सेना परिवार आंदोलन को और व्यापक करने के लिए बाध्य होगा। उक्त आयोजन को सफल बनाने में राजकुमार चतुर्वेदी, अनिरुद्ध गुप्ता, पुष्पराज सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, ललन सिंह, मनीष सिंह, धनीराम सिंह, विनोद सिंह, राजेश सिंह पवार, हजारी सिंह, यशपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, हरपाल सिंह, रवि सिंह, सीताशरण सिंह सहित करणी सेना परिवार के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं पंचगणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में करणी सैनिकों के साथ सर्व समाज के नागरिक एवं स्थानीय युवा उपस्थित रहे।

# खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच, एक्सपायरी सामग्री का कराया विनष्टीकरण

## होटल संचालकों को स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश



नरसिंहपुर। खाद्य सुरक्षा प्रशासन, मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुश्री सारिका दुबे ने होटल अतिथि एंड लॉजिंग तथा होटल अरिहंत श्री का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई, खाद्य सामग्री के सुरक्षित भंडारण, खाद्य अनुज्ञप्ति सहित खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन की जांच की गई। होटल अतिथि एंड लॉजिंग में जांच के दौरान अवसान तिथि के बाद रखी सोया सॉस एवं चिली सॉस की 10 बोतलें पाई गईं। इन एक्सपायरी खाद्य सामग्री का मौके पर ही विनष्टीकरण कराया गया। साथ ही किचिन में स्वच्छता बनाए रखने के लिए होटल संचालक को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी तरह होटल अरिहंत श्री के किचिन के निरीक्षण में मकड़ी के जाले पाए गए तथा खाद्य सामग्री खुले में रखी मिली। स्वच्छता में कमी मिलने पर होटल संचालक को तत्काल आवश्यक सुधार करने और खाद्य सामग्री का सुरक्षित एवं स्वच्छ तरीके से भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दोनों होटल संचालकों को उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# बेहतर समन्वय और अधिकाधिक जन सहभागिता के साथ अभियान को सफल बनाएं - प्रभारी मंत्री

## प्रभारी मंत्री ने सेवा संकल्प अभियान के तैयारियों की वीडियो कान्फ्रेसिंग से की समीक्षा



उमरिया / सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। जिले के प्रभारी मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होने कहा कि यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सेवा और जिम्मेदारी के 25 वर्षो के उजास का प्रतीक है, उनके व्दारा प्रज्जवलित विकास के दीपक का प्रकाश देश भर में फैल रहा है। प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस 17 सितंबर को बडी संख्या में दीप प्रज्वलित कर जन भागीदारी सुनिश्चित कराते हुए आयोजन को उत्साह पूर्वक किया जाए। उन्होंने कहा कि एक माह में आयोजित होने वाली 13 प्रकार की विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों को बेहतर समन्वय और अधिकाधिक जन सहभागिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कराए। उन्होने कार्यक्रमों की व्यवस्था हेतु की गई तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्ट्रेट सभागार से कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने प्रभारी मंत्री जी को बताया कि 17 सितंबर को आर्शीवाद का दिया कार्यक्रम अंतर्गत जिले में दीप प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम होगा। जिला मुख्यालय सहित नगरीय एवं शहरी क्षेत्रों में सायं 7 बजे एक साथ दीप प्रज्ज्वलित किए जाएगें , जिसमें सभी जनप्रतिनिधियो एवं आम जनों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। इससे पूर्व उमरिया जिला अस्पताल सहित ,पाली, चंदिया एवं मानपुर में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जिले में आयोजित होने वाली गतिविधियों की कार्य योजना बनाकर संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौपे गये है। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने जानकारी दी की जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर आयोजन का संपादन किया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर तक सार्वजनिक स्थानों , शासकीय संस्थाओं तथा हितग्राहियों के घरो में भी दीपक जलाए जाऐगे । उन्होंने बताया कि पूरे जिले में 17 सितंबर को 3.50 लाख दीपक जलेंगे। श्री सिंह ने जानकारी दी की जिला मुख्यालय में खलेसर घाट सहित सार्वजनिक स्थानों व जिला पंचायत कार्यालय के समक्ष भी दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम होगा। नवाचार के तहत नवीन निर्मित आंगनबाडी व अटल सेवा सदनों में भी दीप जलाए जाऐगे। सीईओ श्री सिंह ने बताया कि 17 सितंबर को रक्तदान शिविर में 300 यूनिट रक्त का संग्रहण किया जाएगा। अभियान की अवधि तक एक हजार यूनिट रक्त के संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं । उन्होने जानकारी दी की सभी कार्यक्रमों के आयोजनों के उपरांत फोटो एवं वीडियो लेकर निर्धारित पोर्टल में अपलोड भी किया जाएगा। इस अवसर पर श्री आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों में प्रशासन के साथ बेहतर समन्वयक बनाकर जन समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

इस दौरान वनमंडलाधिकारी विवेक सिंह, एसडीओ पुलिस श्री परस्ते, श्री मिथिलेश पयासी, एसडीएम बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह श्री सुमित गौतम,श्रीमती नम्रता यादव सहित जनप्रतिनिधि गण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा युवा मोर्चा का रक्तदान अभियान, अनूपपुर और पुष्पराजगढ़ में युवाओं ने किया रक्तदानसमय और कैलेंडर

## जिला भाजपा कार्यालय में पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह की मौजूदगी में शिविर का शुभारंभ, जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए आगे आए कार्यकर्ता

**कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा और सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अनूपपुर जिले में भाजपा युवा मोर्चा के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला भाजपा कार्यालय अनूपपुर के साथ पुष्पराजगढ़ में भी रक्तदान शिविर आयोजित कर युवाओं और पार्टी कार्यकर्ताओं ने जरूरतमंद मरीजों की सहायता का संदेश दिया। रक्तदान अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने मानव सेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के निर्देशानुसार आयोजित इस अभियान में पार्टी पदाधिकारियों, युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। शिविर में रक्तदान करने वाले कार्यकर्ताओं ने इसे मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए आम नागरिकों से भी सामाजिक कार्यों में आगे आने की अपील की।समय और कैलेंडर जिला भाजपा कार्यालय में हुआ



रक्तदान शिविर का शुभारंभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार, 17 सितंबर को अनूपपुर जिला भाजपा कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पूर्व मंत्री एवं अनूपपुर विधायक बिसाहूलाल सिंह की मौजूदगी में हुआ। इस अवसर पर भाजपा संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान के महत्व पर जोर देते हुए इसे जरूरतमंद मरीजों की सहायता और जीवन बचाने से जुड़ा महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य बताया गया। शिविर में युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सेवा अभियान में अपनी भागीदारी निभाई। भाजपा पदाधिकारियों और युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने निभाई भागीदारीशहर और स्थानीय मार्गदर्शिका

रक्तदान शिविर में भाजपा के विभिन्न संगठनात्मक पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में जिला महामंत्री श्याम नारायण शुक्ला एवं सिद्धार्थ शिव सिंह, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनी एवं विनोद केवट, जिला मंत्री अमर सिंह राठौर, जिला कार्यालय मंत्री चंद्रिका द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य रंजीत सर्राटी एवं भारती केवट उपस्थित रहे।

इसके साथ ही युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रवि राठौर, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष अमोल सिंह मार्को, मंडल अध्यक्ष बृजेश चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शिविर में शामिल हुए। सभी ने रक्तदान अभियान को सामाजिक सेवा से जुड़ी महत्वपूर्ण पहल बताते हुए इसमें युवाओं की भागीदारी को आवश्यक बताया।

रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों की मदद का संदेश शिविर में शामिल भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक गतिविधि नहीं, बल्कि जरूरतमंद मरीजों की सहायता करने और मानव जीवन की रक्षा में योगदान देने का माध्यम है। दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों और विभिन्न चिकित्सकीय परिस्थितियों में मरीजों को रक्त की आवश्यकता होती है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान से जरूरतमंदों को सहायता मिल सकती है।

कार्यकर्ताओं ने आम नागरिकों और युवाओं से भी रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा अपनी क्षमता और स्वास्थ्य संबंधी पात्रता के अनुसार इस तरह के सेवा कार्यों में भाग लेने की अपील की।

पुष्पराजगढ़ में भी आयोजित हुआ रक्तदान कार्यक्रम अनूपपुर जिला मुख्यालय के साथ पुष्पराजगढ़ में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां युवाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ रक्तदान कर अभियान में सहभागिता की।

# अनु. जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लोगों ने छुआछूत खत्म करने का लिया संकल्प, किया सहभोज



**भोपाल। प्रदेश ब्यूरो।**

अतर सिंह भारतीय। लालघाटी, विजय नगर स्थित सावधानी कोचिंग, नगर निगम ऑफिस के पास, वार्ड क्र. 06 में दिनांक 13 सितंबर 2026 को जाति तोड़ो - समाज जोड़ो के तहत एक सामाजिक समरसता बैठक का आयोजन किया गया। समाज सेवी ब्रजेश आर्य ने युवा प्रदेश को बताया कि बैठक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग समाज की जातियों जैसे कि वाल्मीकि, अहिरवार, कुर्मी पटेल, बंसकार, बलाई, जाटव, जांगड़ा, सरदार इत्यादि के प्रबुद्धजनों द्वारा समाज में फैली छुआछूत की भावना को जड़ से खत्म करने और ÷शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो÷ के नारे को साकार करने का संकल्प लिया। उपस्थित जनों ने बहुजन महापुरुषों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की तत्पश्चात सभी ने बारी-बारी से अपने अपने विचार व्यक्त किये।

इसके बाद सभी प्रबुद्ध जनों ने एक साथ बैठकर सहभोज कर समाज को संदेश दिया कि हम सब एक हैं। हमें आपस में एक दूसरे का सहयोग कर मिलजुल कर रहना चाहिए। किसी को ऊंचा और नीचा नहीं समझना चाहिए और ना ही किसी से किसी भी प्रकार से भेदभाव करना चाहिए।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक** : नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)